डिजीटल पत्र
कांग्रेस दर्पण
दैनिक
पटना, 26 अप्रैल, बुधवार, 2023

# सस्ते ईंधन से लेकर यूनीफॉर्म टैक्स तक, कर्नाटक चुनाव में दिल्ली तक निशाना साध रहे राहुल

पटना। कांग्रेस दर्पण



बेंगलुरु। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कर्नाटक चुनाव प्रचार के दौरान केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार पर निशाना साधा और उस पर सरकारी कंपनियों के निजीकरण को बढ़ावा देने और देश में सरकारी नौकरियों की संख्या को कम करने का आरोप लगाया. गांधी ने हावेरी जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए भ्रष्टाचार, महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दों पर सरकार पर निशाना साधा. राहुल गांधी ने लोगों से यह भी वादा किया कि अगर केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनती है कि तो ईंधन के दामों को सस्ता किया जाएगा और यूनीफॉर्म टैक्स की व्यवस्था की जाएगी. गौरतलब है कि राहुल गांधी केंद्र के गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स यानी जीएसटी को लेकर आरोप लगाते रहे हैं. इसे उन्होंने 'गब्बर सिंह टैक्स' भी कहा है.

## बेरोजगारी के मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरा

कर्नाटक में 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी के प्रचार के लिए राज्य के दौरे पर आए गांधी ने आरोप लगाया कि एक-एक करके सरकारी कंपनियों का निजीकरण किया जा रहा है और सरकारी नौकरियां कम की जा रही हैं. उन्होंने कहा, 'जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने थे, तो उन्होंने कहा था कि हर साल दो करोड़ युवाओं को नौकरी दी जाएगी. (लेकिन) बेरोजगारी आज 40 साल में सबसे ज्यादा है.'

## स्वास्थ्य और शिक्षा को लेकर साधा निशाना

गांधी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा के क्षेत्र में, सरकार को संस्थानों का निर्माण करना चाहिए था, लेकिन इसके बजाय उन सभी का निजीकरण किया जा रहा है. उन्होंने कहा, 'हमें ऐसा हिंदुस्तान नहीं चाहिए, हमें बेरोजगार भारत नहीं चाहिए, हमें गरीब भारत नहीं चाहिए, हमें न्याय चाहिए.' उन्होंने लोगों से चुनाव में कांग्रेस को कम से कम 150 सीटें (कुल 224 में से) देने की अपील की.

गांधी ने कहा, 'उन्हें (भाजपा को) 40 से ज्यादा सीटें मत दीजिए.' गांधी ने बसवराज बोम्मई सरकार के खिलाफ '40 प्रतिशत सरकार' के आरोप को दोहराया. उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टर को सत्ताधारी दल भाजपा द्वारा चुनाव लड़ने का मौका नहीं दिया गया क्योंकि वह भ्रष्टाचार में लिप्त नहीं हुए. शेट्टर हाल ही में भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए. इससे पहले बेलगावी जिले के रामदुर्ग में गन्ना किसानों के साथ बातचीत में उन्होंने कहा कि भारत की प्रगति उसके किसानों, मजदूरों और छोटे व्यवसायों की प्रगति पर निर्भर करती है.

## पूरे देश के किसानों की चर्चा

गांधी ने कहा कि कर्नाटक और पूरे भारत में किसानों के साथ बातचीत से उन्हें 'भ्रष्ट भाजपा शासन के चलते उनके लिए उत्पन्न दिक्कतों के बारे में जानकारी मिली, जिसका ध्यान केवल अपने दो-तीन मित्रों की मदद करने पर केंद्रित है.' उन्होंने कहा कि किसानों और छोटे व्यवसायियों को संरक्षित और सशक्त किया जाना चाहिए, न कि 'भाजपा की जीएसटी जैसी त्रुटिपूर्ण नीतियों' के चलते उन्हें निशाना बनाया जाना चाहिए. गांधी ने कहा, 'कांग्रेस पार्टी विकास की ऐसी कहानी लिखने के लिए प्रतिबद्ध है, जो सभी के लिए समृद्धि लाए. गांधी ने कहा, 'कर्नाटक यह बदलाव लाने के लिए पूरी तरह तैयार है.'

# सभी 38 जिला के स्वय सेवक को चुनाव प्रबंधन की विशेष प्रशिक्षण दिया जायेगा : डॉ संजय



संवादाता ।कांग्रेस दर्पण

## 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव पर गहन विचार विमर्श

पटना, सदाकत आश्रम में बिहार प्रदेश कॉंग्रेस सेवा दल कार्यालय में अचानक पहुंचे एआईसीसी सदस्य आकाश सिंह और प्रदेश मुख्य संगठक डॉ संजय कुमार समेत उपस्थित महिला संगठक रूचि कुमारी प्रशिक्षक विपिन झा संजय कुमार रामसागर पांडेय, डॉ राजीव कुमार काजू, राजीव राठौर, नारायणन कुमार, भी दी चौरसिया, विनोद मंडल रामकुमार, रामबाबू, सकल दीप, छबि राज, प्रवीन बीरेन्द्र विवेक मोहित आदि से मुलाकात कर सेवा दल के द्वारा किये जा रहे कार्यो की तारीफ करते हुये 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव पर गहन विचार विमर्श किया। डॉ संजय ने बताया कि बिहार के सभी 38 जिला के स्वय सेवक को चुनाव प्रबंधन की विशेष प्रशिक्षण दिया जायेगा जिसकी तैयारी शुरू कर दी गयी है। इन्होंने बताया कि सेवा दल के स्थापना के 100 वर्ष 28 दिसम्बर को 2023 को पूरा होगा उस से पहले 100 शिविर का आयोजन प्रदेश सेवा दल करने को संकलित है । आकाश सिंह ने सेवा दल के स्वयसेवक को हर प्रकार से मदद करने का आश्वासन दिया और कहा कि सेवा दल मजबूत होगा तभी कॉंग्रेस मजबूत होगा और जिस प्रकार से डॉ संजय ने आमूलचूल परिवर्तन करते हुए सेवा दल को एक नयी धार दिया है निश्चित रूप से आने वाले समय में सबसे मजबूत संगठन कॉंग्रेस सेवा दल होगा ।जो मोदी सरकार की नाकामी को गाँव गाँव प्रचारित करने और कॉंग्रेस के विचारधारा को जन जन तक पहुचाने में अपनी महती भूमिका का निर्वहन करेंगे

---

## राजनन्दन कुमार को बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी "सहकारिता विभाग" के अध्यक्ष पद पर मनोनीत

**पटना।** कांग्रेस पार्टी के प्रति निष्ठा एवं समर्पण को देखते हुए बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष एवं राज्य सभा सांसद डा0 अखिलेश प्रसाद सिंह ने श्री राजनन्दन कुमार को बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी ₹सहकारिता विभाग₹ के अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डा0 अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि श्री राजनन्दन कुमार कांग्रेस के एक जुझारू कार्यकर्ता रहे हैं और पार्टी के लिए समर्पित रहे हैं। उन्होंने यह आशा व्यक्त की कि इस मनोनयन से कांग्रेस संगठन को मजबूती मिलेगी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डा0 अखिलेश प्रसाद सिंह ने राजनन्दन कुमार को पदभार ग्रहण के उपरान्त अतिशीघ्र प्रदेश से लेकर पंचायत स्तर तक संगठन के ढ़ाचे को मजबूत करने को कहा।

राजेश राठौड़
चेयरमैन, मीडिया विभाग
बिहार कांग्रेस

## स्व जगन्नाथ प्रसाद राय की द्वितीय पुण्यतिथि वैशाली जिला कांग्रेस कार्यालय में मनायी गयी

संवादाता ।कांग्रेस दर्पण

आज दिनांक 25/04/2023 को पूर्व जिलाध्यक्ष, विधायक एवं विधान पार्षद स्व जगन्नाथ प्रसाद राय की व्दितीय पुण्यतिथि वैशाली जिला कांग्रेस कार्यालय पासवान चौक हाजीपुर मे मनाई गई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष महेश प्रसाद राय ने की और संचालन युवराज सुनिल सिंह महासचिव एवं प्रवक्ता वैशाली जिला कांग्रेस ने की। वक्ताओ ने जगन्नाथ बाबू के समाजिक कार्य, कांग्रेस के प्रति समर्पण एवं गरीबो के मसीहा आदि गुणो की चर्चा की। मुख्य रूप से राजापकर विधायक प्रतिमा कुमारी ने जगन्नाथ बाबू के गरीबो के लिए किए गए कार्य एवं कांग्रेस के प्रति समर्पण की चर्चा की। आरंभ मे सबो ने स्व जगन्नाथ बाबू के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रध्दांजलि दी। इसमे राज किशोर चौधरी सचिव बिहार प्रदेश कांग्रेस सोसल मिडिया




विभाग, अधिवक्ता मुकेश रंजन उपाध्यक्ष बिहार प्रदेश कांग्रेस विधि एवं मानवाधिकार विभाग ,बिपिन कुमार सिंह, प्रभात कुमार अध्यक्ष गोरौल प्रखंड, के के सिंह, वैद्यनाथ प्रसाद राय, सुशील जी एवं अन्य सैकड़ो कांग्रेसी नेताओ एवं कार्यकर्ताओ ने श्रध्दांजलि अर्पित की

# गणेशदत्त महाविद्यालय में अनिश्चित कालीन आंदोलन जारी

**संवादाता ।कांग्रेस दर्पण**

आज दिनांक25/04/2023 दिन मंगलवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के द्वारा छात्र हितो को देखते हुए सभी तरह के नामांकन में स्थानीय छात्रों को प्रार्थमिकता देने, कविवर रामधारी सिंह दिनकर विश्वविद्यालय की मंजूरी सहित ग्यारह सूत्री मांगों के समर्थन में 7 वें दिन भी गणेशदत्त महाविधालय में अनिश्चित कालीन आंदोलन जारी रहा। साथ ही छात्र संगठन के द्वारा महाविद्यालय को पूर्णतः बंद कर कॉलेज के प्रशासनिक भवन में ताला बंदी कर धरना प्रर्दशन किया गया। प्राचार्य को कार्यालय कक्ष से घण्टों नही निकलने दिया गया।

साथ ही छात्र संगठन के मांगों को कॉलेज प्राचार्य एवम विश्विधालय प्रशासन के द्वारा अतिशीघ्र पूर्ण नही किए जाने पर आगे छात्र संगठन भूख हड़ताल, सड़क जाम कर, रोशपूर्ण प्रदर्शन पर उतारू होगी।

जिसका जिम्मेवार कॉलेज प्रशासन और विश्विद्यालय प्रशासन खुद जिम्मेवार होगा। आंदोलनकारियों ने प्राचार्य से मिलकर अल्टीमेटम दिया। मौके पर धरना–प्रदर्शन कर रहे जीडी कॉलेज अधयक्ष राजा कुमार, राष्ट्रीय संयोजक निशांत सिंह, कांग्रेस युवा नेता स्वप्निल सोनू, सचिव पवन कुमार उपाध्यक्ष मुरारी, शिवांगी रंजन, ऋषभ, आदि दर्जनों छात्र उपस्थित थे ।

**.....उपरोक्त जानकारी बेगूसराय काँग्रेस कमिटी के पूर्व सचिव रणजीत कुमार मुखिया जी ने दी।**




# अमित शाह को माफी मांगनी चाहिए: अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह

**संवादाता ।कांग्रेस दर्पण**



अमित शाह को माफी मांगनी चाहिए! उन्होंने न केवल कर्नाटक की पहचान बल्कि भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों का भी अपमान किया है। यह जानकर हैरानी होती है कि भारत के गृह मंत्री का यह कहने का दुस्साहस था कि यह चुनाव विधायक चुनने के लिए नहीं बल्कि कर्नाटक का भविष्य मोदी के हाथों में सौंपने के लिए है! यह भाजपा की भ्रष्ट और तानाशाही मानसिकता को भी दर्शाता है। यह पहला मामला नहीं है। भाजपा आलाकमान ने बार-बार 6.5 करोड़ कन्नडिगों की भावनाओं को आहत किया है। इससे पहले, जेपी नड्डा ने भी इसी तरह की अलोकतांत्रिक टिप्पणी की थी, जिसमें कहा गया था कि अगर बीजेपी सत्ता में नहीं आती है तो कन्नड़ लोग मोदी के आशीर्वाद से वंचित हो जाएंगे। पहले से ही अपनी हार स्वीकार करते हुए, 40% कमीशन सरकार ने मतदाताओं को धमकाने का सहारा लिया है। चाहे कुछ भी हो, भारत के लोग कभी भी किसी को हमारे महान राष्ट्र के संघीय ढांचे के लिए खतरा पैदा करने की अनुमति नहीं देंगे।

# कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कर्नाटक की बंटवाल विधानसभा में आबिद कागज़ी को पर्यवेक्षक लगाया

**संवादाता ।कांग्रेस दर्पण**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग की तरफ से आबिद कागज़ी इस सीट पर जाकर कांग्रेस के पक्ष में प्रचार और जिताने का प्रयास करे इमरान प्रतापगढ़ी

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन और राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने आज एक पर्यवेक्षकों की लिस्ट जारी कर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन आबिद कागज़ी को आगामी कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कर्नाटक की बंटवाल विधानसभा में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग की ओर से पर्यवेक्षक लगाया है

कागज़ी ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने निर्देशित किया है कि जल्द ही राजस्थान की टीम इस विधानसभा में जाकर कांग्रेस पार्टी को मजबूत करेगी और आगामी विधानसभा चुनाव में



कांग्रेस को जीत दिलाने में भरसक प्रयास करेगी

आबिद कागज़ी शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है

🙏🙏🙏🙏🙏🙏

**आबिद कागज़ी**

**चेयरमैन राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग**

# हमारे नेता राहुल गाँधी पर अनैतिक हमला हो रहा है: अजय चौधरी




**संवादाता ।कांग्रेस दर्पण**

**मुजफ्फरपुर।** आज दिनांक 25/04/2023 ( मंगलवार) को मोदी ,अडानी गठजोड़ द्वारा राष्ट्रीय संपति की लुट के प्रतिरोघ मे जिला कांग्रेस कमिटी द्वारा जिला समाहरणालय परिसर मे जय भारत सत्याग्रह आंदोलन करते हुये जमकर हल्ला बोला गया । देश के सारे राष्ट्रीय संपति एक एक कर जिस तरह अडानी को सौंपकर चौदह से लगातार 602 वे नंबर से दुसरे स्थान पर पहुँचाया गया और इस संबंध मे सवाल करने पर हमारे नेता राहुल गाँघी पर अनैतिक हमला हो रहा है,यह हमारे देश के प्रजातांत्रिक ढाँचे पर हमला है, उक्त बाते कांग्रेस के जिला प्रभारी अजय चौघरी ने कही । जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार मुकुल ने कहा की जिस तरह देश के विभिन्न संवैधानिक ढाँचे का दुरुपयोग विपक्ष पर किया जा रहा है, एवं ताकी मित्रो के साथ राष्ट्रीय लुट पर कोई सवाल न करे, यह वर्तमान केन्द्र सरकार का तानाशाही नीति है । नगर विधायक विजेंद्र चौघरी ने कहा आज आम जन महंगाई से त्रस्त है, और हमारे प्रधानमंत्री मित्रो को फायदा पहुंचाने मे व्यस्त है । मौके पर उमेश राम, प्रदेश प्रवक्ता घर्मवीर शुक्ला ,राजद जिलाध्यक्ष रमेश गुप्ता , जिला कार्यकारी अध्यक्ष सूरज दास , जिला कार्यकारी अध्यक्ष कृपाशंकर शाही , जिला प्रवक्ता समीर कुमार, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष आनंद कौशल , अतिपिछ्रा जिलाध्यक्ष सुनिल गुप्ता ,मो जमाल , बिहार प्रदेश कांग्रेस के प्रतिनिधि, केदार सिंह पटेल, लोकक्रांति यादव, मुकेश त्रिपाठी , जदयू के पूर्व जिलाध्यक्ष विश्वजीत कुमार, सीपीआई के रामकिशोर झा ,शंभुशरण ठाकुर, मो यूनुस, राजद अतिपिछ्रा प्रकोष्ठ के मनोहर प्रसाद गुप्ता ,मो लालबाबू, रविरंजन , कांग्रेस सेवादल यूवा अघ्यक्ष मोजक्कीर रहमान, विक्की चौघरी , कुसुम पासवान, सविता श्रीवास्तव, कृष्ण मुरारी सिंह, त्रिभुवन पटेल , अजित कुमार सिन्हा,विकास कुमार टुल्लु, सुमन ओझा,लक्ष्मन ठाकुर, विजय कुमार यादव, प्रभात कुमार प्रभाकर, सत्येन्द्र नरायण सिंह, नवल किशोर शर्मा, प्रो शंभू राम , सद्दाम हुसैन , जावेद खान , महेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव ,राम सजीवन प्रसाद यादव, रितेश कुमार सिन्हा , नंद किशोर सिंह, आदि हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# बीपीएससी में ऊपरी उम्र सीमा की मांग पर मुख्यमंत्री के सहमति के बाद भी मामला अधर में क्यों: सौरभ कुमार सिंह

**संवादाता ।कांग्रेस दर्पण**

बीपीएससी में ऊपरी उम्र सीमा के बढ़ोतरी की मांग लगातार अभ्यर्थियों द्वारा की जा रही है ' बीते साल अक्टूबर महीने में छात्रों का एक दल माननीय मुख्यमंत्री जी के समक्ष मिलकर अपनी बातों को रखा तत्पश्चात माननीय मुख्यमंत्री जी ने छात्रों की समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए अपनी सहमति प्रदान की कि जब देश के तमाम राज्यों में ऊपरी उम्र सीमा की बढ़ोतरी हुई है तो बिहार में भी होनी चाहिए '

बीपीएससी में ऊपरी उम्र सीमा में बढ़ोतरी की मांग को लेकर कांग्रेस नेता सह विधान पार्षद श्री प्रेम चंद्र मिश्रा जी ने विधानसभा में प्रश्न उठाया था उन्होंने कहा कि बिहार के छात्रों के साथ न्याय करते हुए राज्य सरकार को पूरी उम्र सीमा के बढ़ोतरी करनी चाहिए, जिस पर राज्य सरकार ने कहा कि जल्द से जल्द विचार किया जाएगा परंतु अब तक यह मामला अधर में लटका हुआ है ' इस मामले में विधायक अजीत कुशवाहा विधायक संदीप सौरव आदि ने भी मामले की गंभीरता देखते हुए इस पर विधानसभा में प्रश्न उठाने के लिए लिखित जवाब मांगा था '



छात्र नेता सौरव कुमार सिंह ने कहा कि भारत के लगभग सभी राज्यों के लोक सेवा आयोग में ऊपरी उम्र सीमा 40 तो कहीं 42 वर्ष है जबकि बिहार में ऊपरी उम्र सीमा 37वर्ष है जो देश में न्यूनतम है '

कोरोना महामारी के कारण बिहार सहित देश के तमाम राज्यों में शैक्षणिक गतिविधि प्रभावित रही है इस कारण से भी सभी लोक सेवा आयोग की ऊपरी सीमा गई है परंतु बिहार में अभी तक बढ़ाए नहीं है'

सिविल सेवा विशेषज्ञ कमल कांत और सत्यार्थ अभिषेक ने बताया कि इससे बिहार के युवा और छात्रों का भविष्य सुरक्षित रहेगा और राज्य के मेधावी छात्रों को विशेष अवसर मिल पाएगा यह मांग व्यावहारिक और तार्किक होने के साथ–साथ मुख्यमंत्री के संज्ञान में भी है जिसके कारण हजारों छात्रों की उम्मीदें हैं कि उन्हें अतिरिक्त अवसर जरूर मिलेगा '

निवेदक – सौरभ कुमार सिंह
छात्र नेता पटना बिहार

# ताड़ से गिर कर खजूर पर लटकने वाली कहावत चरितार्थ हो रहा है गया नगर निगम में

संवाददाता।कांग्रेस दर्पण

बिहार में पहली बार मेयर, डिप्टी मेयर का चुनाव सीधे जनता के द्वारा होने के उपरांत आमजन को विश्वाश हुआ था की अब पार्षदों का खरीद, फरोख्त , गुटबाजी, राजनीति का खेल खत्म होकर विकास की गति पहले से तीव्र होगी, परंतु गया नगर निगम में मेयर, डिप्टी मेयर एवम् नगर आयुक्त के बीच आरोप, प्रत्यारोप के बीच गया शहर के सभी 53 वार्डो के नियमित कार्य एवम् विकास कार्य बाधित होने से आमजन में यह चर्चा का विषय है की हम गयावासी तार से गिर खजूर पर लटकने वाली कहावत के तहत पहले से भी खराब स्थिति में आ गए है।

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह गया महानगर विकास संघर्ष समिति के संयोजक प्रो विजय कुमार मिठू, सहसंयोजक पूर्व विधायक मो खान अली, प्रो विश्वनाथ कुमार, डा अनिल कुमार सिन्हा, मो समद, असरफ इमाम, सुरेंद्र मांझी, विनोद पासवान, नरेश चौधरी, राजेश अग्रवाल,आदि ने कहा की विगत कई दिनों से मेयर द्वारा बिना नगर आयुक्त के कॉन्सेंट के स्टैंडिंग कमेटी की बैठक बुलाने, नगर आयुक्त के कार्यकाल में किए गए कार्यों में अनियमितता एवम् घोटाले का आरोप लगा कर जांच करने, तो दूसरी ओर नगर आयुक्त द्वारा मेयर के निर्णय को गलत बताते हुए विगत कई वर्षो के कार्य का ऑडिट कराने सहित पूर्व में किए गए विकास कार्यों की जांच के पत्र निर्गत किया गया, जिसकी सूचना राज्य सरकार, मेयर, डिप्टी मेयर, पार्षद गण, जिलाधिकारी, आयुक्त मगध प्रमंडल, वरीय आरक्षी अधीक्षक, को प्रतिलिपि भेजी गई। बाद में नगर विकास विभाग द्वारा मेयर द्वारा बुलाई गई बैठक को अनुचित ठहराते हुए, नगर आयुक्त द्वारा निर्गत पत्र को सही ठहराया गया।



नेताओ ने कहा अब स्थिति तो यहां तक पहुंच गई की मेयर , डिप्टी मेयर द्वारा पार्षदों का गुट बना कर बैठक आयोजित कर नगर आयुक्त को हटाने तक को मांग की गई है। नेताओ ने कहा की पूर्व में भी कई बार गया नगर निगम में ऐसा हुआ है की नगर आयुक्त एवम् मेयर, डिप्टी मेयर, पार्षदों की आपसी खींचतान में नगर का विकास अवरूद्ध हुआ है। नेताओ ने मुख्यमंत्री, नगर विकास मंत्री से अविलंब गया नगर निगम के कार्य को सुचारू रूप से चलने, साफ, सफाई सहित सभी नियमित कार्य निरंतर ठीक ढंग से होने, विकास कार्य तीव्र गति से होने, तथा मेयर, डिप्टी मेयर एवम् नगर आयुक्त द्वारा परस्पर एक दूसरे द्वारा किए गए विकास कार्यों में अनियमितता, लूट खसोट, घोटाले की जांच, वर्षो से लंबित ऑडिट आदि की अविलंब निष्पक्ष जांच कराने की मांग किया है।

भवदीय
विजय कुमार मिठू



राजीव भवन रायपुर में महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद दीदी माननीय फूलों देवी नेताम जी के द्वारा आयोजित प्रदेश महिला कांग्रेस की कार्यकारिणी बैठक में शामिल हुई।



बीजेपी ने नंदिनी ब्रांड को ख़त्म करने की कोशिश की। आपको याद होगा कि कांग्रेस के समय दूध उत्पादन इतना था कि हम 'क्षीर भाग्य योजना' के तहत स्कूल के बच्चों को दूध देते थे। यही नहीं दूध के भारी उत्पादन के कारण हम किसानों को भी 5 रुपए/लीटर दूध देते थे।

-मैसूर में प्रियंका गांधी वाड्रा

# जय भारत सत्याग्रह यात्रा के तहत जिला मुख्यालय नई टिहरी में निकाली कांग्रेस जनों ने रैली


## शहर कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष कुलदीप पवार का जोरदार स्वागत किया पदभार ग्रहण


संवादाता ।कांग्रेस दर्पण

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित देशभर में चलाए जा रहे हैं जय भारत सत्याग्रह यात्रा के अंतर्गत हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के साथ जिला मुख्यालय नई टिहरी में कांग्रेस जनों ने डाइजर से नई टिहरी बस अड्डा पोस्ट ऑफिस मोलधार ओपन मार्केट बोराड़ी होते हुए होटल मधुबन तक विशाल रैली निकालकर जोड़ो जोड़ो भारत जोड़ो के नारों से शहर गुंजायमान रहा मधुबन चौक में रैली जनसभा में तब्दील हुई। उपरोक्त कार्यक्रम के बाद शहर कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष कुलदीप सिंह पवार का कांग्रेस जनों द्वारा जोरदार स्वागत करते हुए उन्होंने पदभार ग्रहण किया। उपरोक्त कार्यक्रम में नवनियुक्त शहर कांग्रेस के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पवार ने हाईकमान का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्होंने मुझ पर जो विश्वास जताया मैं प्रयास करूंगा कि आने वाले स्थानीय निकाय लोकसभा और पंचायत के चुनाव में कांग्रेस पार्टी को मजबूती के साथ आगे बढ़ा कर विजय हासिल करेंगे । जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश राणा ने कहा कि प्रत्येक कांग्रेस जन को बढ़–चढ़कर इस समय कांग्रेस की रीति और नीति को गांव–गांव तक पहुंचाना चाहिए लोग भारतीय जनता पार्टी की रीतियों और नीतियों से परेशान हो चुके हैं लोग बदलाव चाहते हैं। कार्यक्रम मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रताप नगर के विधायक विक्रम सिंह नेगी ने कहा कि

प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने लोगों के साथ धोखा किया है बेरोजगार नौजवान दर–दर की ठोकरें खा रहे हैं महंगाई सातवें आसमान पर है माताएं बहने बुजुर्ग हताश निराश बैठे हैं इसलिए प्रत्येक कांग्रेस जन का कर्तव्य बनता है कि जनता की लड़ाई को सड़कों पर लड़े और आने वाले समय में कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाएं आम जनमानस अब कांग्रेस पार्टी पर टकटकी लगाए बैठे हैं। पूर्व काबीना मंत्री सुरवीर सिंह सजवान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का इतिहास डेढ़ सौ वर्ष पुराना है कांग्रेस देश को आजाद कराया इस देश की आत्मा में कांग्रेस वास करती है उपरोक्त कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुरवीर सिंह सजवान विधायक प्रताप नगर विक्रम सिंह नेगी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश राणा प्रदेश महासचिव विजय गुनसोला नरेंद्र राणा शांति प्रसाद भट्ट सैयद मुस्त्रफ अली आशा रावत दर्शनी रावत ममता उनियाल लक्ष्मी रावत मुरारीलाल कंडवाल देवेंद्र नौटियाल नरेंद्र चंद रमोला सूरज राणा विक्रम सिंह पवार मान सिंह रौतेला रमेश लाल भरत सिंह बुटोला बर्फ चंद रमोला साहब सिंह सजवान मुर्तजा बैग नवीन सेमवाल संदीप कुमार हरिओम भट्ट खुशीलाल गब्बर सिंह नेगी शक्ति प्रसाद जोशी आनंद सिंह बेलवाल जय वीर सिंह रावत ज्योति प्रसाद भट्ट नीमा नेगी बृहस्पति भाट रीता रावत अनीता रावत बलवीर सिंह कोहली जै सिंह रावत सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं नौजवान शामिल थे।








# लोगों के चेहरे खिले और महंगाई राहत कैंप से खिल उठा राजस्थान

संवाददाता।कांग्रेस दर्पण

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने महंगाई राहत कैंप लगवाकर लोगों को दी बड़ी राहत,लोगो के चेहरों पर आई मुस्कान।। सोशल मीडिया विभाग शहर जिला कांग्रेस कमेटी अजमेर अध्यक्ष पीयूष सुराणा ने बताया की महंगाई राहत कैंप शिविर में लाखो लोग करवा रहे है रजिस्ट्रेशन।आज अजमेर नगर निगम में चल रहा महंगाई राहत कैंप में सैंकड़ों लोगों ने करवाया अपना रजिस्ट्रेशन। इस दौरान महेंद्र कुमार जोशी से बात की तो उन्होंने पीयूष सुराणा को बताया की मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जो जनता को राहत दी है वास्तविकता में एक जननायक ही ऐसा काम कर सकता है। जोशी ने कहा में पांव से दिव्यांग हूं मैं अशोक गहलोत का आभार व्यक्त करता हूं आपने दिव्यांग कोटे के तहत मनोनित पार्षद बनाकर दिव्यंगो को बहुत बड़ी सौगात दी है। सुराणा ने कहा की मुकेश सबलानिया ने बताया की मेंरे पिता की पेंशन में फायदा मिला,बिजली बिल में 100 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी ऐसी कई योजनाएं मिली इसके लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का मैं आभार व्यक्त करता हूं।इसी क्रम में गोपाल नायक,स्नेहलता नागोरी,सरोज गहलोत,गायत्री,चेतन पंवार,सुरेश राठौड़,श्रीमती पवन देवी,पारस मल जैन ने महंगाई राहत कैंप में रजिस्ट्रेशन करवाया और अशोक गहलोत मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। श्रीमती पवन सुराणा ने मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा की उज्जवला,बीपीएल में गैस सिलेंडर 500₹ देकर मुख्यमंत्री ने गरीब परिवारों को बहुत बड़ी राहत दी है। पारस मल सुराणा ने कहा की निशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट देकर pl/bpl परिवारों को बहुत बड़ी राहत दी है,केंद्र की मोदी सरकार की वजह से पूरे देश में परिवारों का बजट बिगड़ गया था, उसमे बहुत बड़ी राहत दी है राज्य की गहलोत सरकार ने। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत वृद्ध पेंशन,विधवा पेंशन,विकलांग पेंशन में कम से कम ₹1000 करके आत्म निर्भर बनाने की कोशिश की है। नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष द्रोपदी कोली,पार्षद श्रीमतीअनिता मनीष चौरसिया, हरी प्रसाद दिवाकर,अनिल ओझा,जितेंद्र कुमार चौधरी,अशोक सुकरिया,महंगाई राहत कैंप में मैजूद रहे। पीयूष सुराणा ने महंगाई राहत कैंप शिविर में दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक अपनी सेवाएं भी दी और लोगो को जानकारी देते हुए संतुष्ट किया।ड्यूटी पर जो अपनी सेवायें दे रहे है वरुण पारीक,नीरज एवम कंप्यूटर पर कार्य करने वाले कर्मचारियों,अधिकारियों को आभार एवं धन्यवाद दिया।





# पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह जी धार, रतलाम, मंदसौर व नीमच जिले के चार दिवसीय दौरे पर रहेंगे

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण



पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह जी धार, रतलाम, मंदसौर व नीमच जिले के चार दिवसीय दौरे पर रहेंगे, 27 अप्रैल से 4 जिलों की 6 विधानसभाओं में कांग्रेस के मंडल सेक्टर व कार्यकर्ताओं की बैठकों में होंगे शामिल।

भोपाल। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जी के निर्देश पर राज्यसभा सांसद पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह जी अब तक 29 विधानसभा क्षेत्रों का दौरा कर चुके हैं। पूर्व सीएम 27 अप्रैल से धार, रतलाम, मंदसौर व नीमच जिले की 6 विधानसभाओं के दौरे पर रहेंगे। वे 27 अप्रैल को धार जिले की बदनावर, रतलाम जिले की रतलाम शहर विधानसभा, 28 अप्रैल को मंदसौर जिले की सुवासरा और मंदसौर विधानसभा एवं 29 अप्रैल को नीमच जिले की जावद और नीमच सहित 6 विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस के मंडल सेक्टर अध्यक्षों की बैठकों में भाग लेंगे। पूर्व सीएम 30 अप्रैल को मेव सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित 21वें इज्तिमाई शादी सम्मेलन में शामिल होंगे। बाद में वे मंदसौर में शिक्षक कांग्रेस के कार्यक्रम में शामिल होंगे। पूर्व सीएम शाम को राजस्थान के उदयपुर से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह जी विधानसभा क्षेत्रों के दौरे के दौरान नगरीय निकायों के निर्वाचित सदस्य, जिला व जनपद पंचायतों के निर्वाचित सदस्य, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, सेवादल, किसान कांग्रेस व आईटी सेल सहित समस्त प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व वरिष्ठ नेताओं के साथ सीधा संवाद स्थापित करेंगे।

# श्री मती मंजू मौर्या के पक्ष में वोट की अपील

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण



आज आनन्दनगर नगर पंचायत से कांग्रेस पार्टी से अध्यक्ष पद प्रत्याशी श्री मती मंजू मौर्या पत्नी राजेश मौर्या जी के लिए गनेशपुर में कांग्रेस पार्टी के प्रांतीय अध्यक्ष व फरेन्दा विधायक माननीय श्री वीरेन्द्र चौधरी जी जनसभा करके सर्व सम्मानित जनता जनार्दन से ✋ वोट की अपील करते हुए और इस मौके पर श्री मती मंजू मौर्या जी, श्री राजेश मौर्या जी, पूर्व चेयरमैन श्री जयप्रकाश लाल श्रीवास्तव जी पीसीसी सदस्य एडवोकेट श्री विजय सिंह जी, आर.एल. मौर्या जी, श्री योगेश धर उर्फ चून्नू दुबे जी, श्री रामप्यारे जी, श्री विनय तिवारी जी, श्री चन्दन तिवारी जी, ब्लॉक अध्यक्ष श्री शिवाजी राव जी, नगर अध्यक्ष डॉ श्री ज्योति शंकर वर्मा जी, बबलू मौर्या जी, कलीम इद्रीसी जी, श्री राजन शुक्ला जी, श्री अरविन्द यादव जी, सदरे आलम जी, श्री अरविन्द मौर्या जी, आमिर मंसूरी जी, श्री प्रभाकर द्विवेदी जी, पत्रकार श्री यशोदा लाल श्रीवास्तव जी, श्री जवाहिर यादव जी, श्री हनुमान प्रसाद जी, श्री अमरमणि पासवान जी, श्री दर्शन चौधरी जी, श्री ओमप्रकाश चौधरी जी, माननीय विधायक जी के छोटे भाई डॉ श्री अजय सिंह जी, अमित मौर्या जी, संतोष जायसवाल जी, श्री कुंज बिहारी निषाद जी, पूर्व प्रधान विनोद चौधरी जी, मुन्ना ख़ान जी के साथ अन्य सम्मानित पदाधिकारी गण कार्यकर्ता गण व सर्व सम्मानित जनता जनार्दन लोग मौजूद रहे।

# नीतीश जी की विपक्षी एकता की मुहिम चुनाव की दृष्टि से महत्वपूर्ण

पटना।कांग्रेस दर्पण

पिछले दिनों नीतीश जी और तेजस्वी जी का दौरा उत्तरप्रदेश और प. बंगाल में रहा.. 2024 लोकसभा चुनाव के रणनीतिक गठजोड़ के लिहाज से इस मुलाकात को मैं काफी गंभीरता से लेता हूं.. इस दौरे से पहले इन नेताओं ने दिल्ली में कांग्रेस नेता श्री राहुल गांधी जी और राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री एम. खड़गे जी के साथ एक लंबी मुलाकात और विस्तृत बैठक भी की थी..चुनावी लिहाज से कुछ बातें आज बहुत महत्वपूर्ण हैं अगर इस पर उचित संज्ञान लिया जाए तो परिणाम वाकई सुखदाई होंगे...।

देश के 9 राज्य जो आने वाले लोकसभा चुनाव के लिए बेहद ही महत्वपूर्ण हैं और ये सत्ता के समीकरण गढ़ने में वाकई अपनी बड़ी भूमिका निभाएंगे...

1. गुजरात, राजस्थान और मध्यप्रदेश – इन तीनों राज्यों की चुनौती कांग्रेस पार्टी को सबसे पहले और सबसे ज्यादा संजीदगी से लेना चाहिए..यहां की कुल 80 सीटों पर कांग्रेस पिछले 2 लोकसभा चुनावों में कोई बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाई है..इन राज्यों में एक आधा सीटों से बस खता खोल पाने में ही सफल रही है जबकि यहां सीधा मुकबला भाजपा से ही होता है..ऐसे में इस बार पार्टी अगर 30% पासिंग मार्क्स का भी आंकड़ा छू ले तो वो मौजूदा लोगसभा में अभी



हासिल अपनी संख्या के आधे तक पहुंच जाएगी..हां चुनौती इस बार गुजरात में अअढ से भी मिलेगी , राजस्थान में अपने ही खाट खड़े किए बैठे हैं तो मध्यप्रदेश में भी कोई चुनौती कम नहीं..पार्टी को अगर सबसे ज्यादा ध्यान देने की कहीं जरूरत है तो वो इन तीन राज्यों में ही है...।।

2. उत्तरप्रदेश , बिहार और प. बंगाल – देश के इन तीन राज्यों जहां लोकसभा के कुल 162 सीटें आती हैं, कुछ करने के लिए नहीं है.. इस लिए सबसे बेहतर विकल्प यही है कि आप सपोर्टिव मोड़ में रहें..उचित सम्मान के साथ जिन सीटों पर आपका राजनीतिक गठजोड़ संभव हो पाता है उनपर मजबूती के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं..और याद रखें यहां भी सहयोगात्मक रुख ही आपके लिए फायदेमंद साबित होगा..खिचतान से यहां कुछ हासिल नहीं होना..सो यहां सपा राजद, जदयू और तृणमूल को जम कर खेलने दें.. आप अपने सहयोगात्मक रवैइये से स्वतः ही बड़े भाई की भूमिका में नजर आ जायेंगे..बिना कुछ खास किए..।।

3. झारखंड, असम और उड़ीसा – झारखंड और असम की 28 सीटों पर भी आप बेहतर कर सकते हैं, पर यहां बेहतर करने से ज्यादा जरूरी है भाजपा को बेहतर करने से रोकना.. इन तीनों राज्यों की लगभग 49 सीटों पर एक अलग रणनीति से खेलना आपके लिए फायदे का सौदा साबित हो सकता है..खटट और इखऊको ज्यादा फायदा मिले बजाय भाजपा के.. इस रणनीति पर काम कर आप इन राज्यों से मिलने वाली भाजपा की सीटों में सेंधमारी करवा सकते हैं.. झारखंड की 14 सीटों पर आप बेहतर काम कर सकते हैं पर खुद को नॉन– स्ट्राइक इंड पर रख कर..वहीं उड़ीसा में अगर अपने लिए ज्यादा बेहतरी ना दिखे तो दूसरे को हिट विकेट कराने में क्या हर्ज है.. रही बात असम की तो वहां भी चुनौती संघर्षपूर्ण है..बेहतर रणनीति की दरकार इन सभी राज्यों में सबसे ज्यादा वहीं पर है..सीट 14 ही क्यों ना हो पर रणनीतिक लिहाज से आज बहुत ही महत्वपूर्ण है..।।

सो कुल 80+162+49 =292 सीटों का गणित ही आने वाले लोकसभा की दिशा और दशा तय करेगी.. बाकी के बचे पूरे देश में आप जैसे चाहो चौके छक्के लगाओ..पर इन 9 महारथी राज्यों पर अभी से कमर कस लो...।।

ज्ञात हो पिछले चुनाव 2019 में भाजपा के पास इन राज्यों से 227 (जिसने 16 सीटें जदयू की भी शामिल हैं) सीटें हैं कुल 291 सीटों में से, यानि 78% सीटें प्राप्त हैं अभी उनको.. उत्तरप्रदेश से 15 सपा+ बसपा , प. बंगाल से 22 तृणमूल और उड़ीसा से 12 सीटें बीजद को प्राप्त हैं यानी कुल 49 सीटें अन्य को गए कुल 64 सीटों में से.. सो बाकी बचे 15 सीटें ही इन पार्टियों के आलावा किसी और के पास है.. सो अपना आकलन इन 9 राज्यों में आप खुद ही कर सकते हैं मेरे कांग्रेसी मित्रों.. ।।

धन्यवाद...।।

**मनीष सिन्हा,**
**संयोजक बिहार प्रदेश रिसर्च विभाग सह प्रदेश उपाध्यक्ष कामगार कांग्रेस।।**

# अजमेर में स्वयंसेवी संगठनों एवम प्रशासन के मध्य संवाद कार्यक्रम में आयोजित

पटना।कांग्रेस दर्पण

स्वैच्छिक क्षेत्र विकास केंद्र (राजस्थान सरकार) द्वारा आयोजित स्वयंसेवी संगठनों एवं प्रशासन के मध्य 25–26 अप्रैल 2023 संवाद जवाहर रंगमंच अजमेर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। अब ठॅड क्षेत्र से जुड़ी समस्त संस्थाओं के लिए **VSDC** पोर्टल **http://vsdc.rajasthan.govt.in** पर पंजीकरण व प्रमाणीकरण करवाना अनिवार्य है। सोशल मीडिया विभाग शहर जिला कांग्रेस कमेटी अजमेर के अध्यक्ष पीयूष सुराणा ने बताया कि आज जवाहर रंगमंच अजमेर में स्वयंसेवी संगठनों एवम प्रशासन के मध्य संवाद कार्यक्रम में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वैच्छिक क्षेत्र विकास केंद्र के अध्यक्ष (राज्यमंत्री) मुमताज मसीह,विशिष्ठ अतिथि समाज कल्याण विभाग बोर्ड की चेयरमैन डॉ.श्रीमती अर्चना शर्मा रही। मंच पर अतिथि पंकज दादीच,संजय गौड़,सरपंच



मगनीराम,पूर्व शिक्षा मंत्री नसीम अख्तर इंसाफ,उत्तर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी रहे महेंद्र सिंह रलावता,पूर्व विधायक डॉक्टर श्रीगोपाल बाहेती,निवर्तमान जिला अध्यक्ष विजय जैन,नगर निगम नेता प्रतिपक्ष पार्षद साहिबा द्रोपदी कोली,पार्षद मनवर कायमखानी,बिपिन बेंसिल,प्रदेश प्रवक्ता प्रियदर्शी भटनागर,सोशल मीडिया विभाग शहर जिला कांग्रेस कमेटी अजमेर अध्यक्ष पीयूष सुराणा, दीन दुःखी दिव्यांग सेवा संस्था अजमेर के अध्यक्ष महेंद्र कुमार जोशी,पूर्व वार्ड 3/4 वार्ड अध्यक्ष जितेंद्र कुमार चौधरी,बैटर लाइफ टूवर्ल्ड फाउंडेशन के राधेश्याम सैनी,हेमेंद्र सिंघोदीया, एवम ट्रस्ट,एनजीओ के अध्यक्ष,सदस्य,पदाधिकारीगण मौजूद रहे। पीयूष सुराणा ने बताया की मंत्री मुमताज मसीह, डॉ अर्चना शर्मा,पंकज दादीच,संजय गौड़,मगनीराम,नसीम इंसाफ अख्तर ने अपनी बात रखते हुए संस्थाओं को राज्य सरकार की योजनाओं को बताया। अंतिम छोर तक इन योजनाओं को कैसे पहुंचाया जाए,इसके लिए भी जानकारी दी गई। डॉक्टर अर्चना शर्मा ने बताया की 2017 में केंद्र की मोदी सरकार ने 2017 में समाज कल्याण बोर्ड को भंग कर दिया। समाज कल्याण बोर्ड की वजह से राज्य और केंद्र के बीच संवाद होता था जिससे जनता को राहत मिलती थी। दीन दुःखी दिव्यांग सेवा संस्था के जिला प्रचार मंत्री पीयूष सुराणा,चंद्रप्रकाश शर्मा,हरी प्रसाद जाटव,अहमद हुसैन,अशोक सुकारिया,सरोज गहलोत,पूर्णिमा बुंदेल,एवम अन्य साथीगण मौजूद रहे।


# कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार सलीम अंसारी केराना नगर पालिका परिषद के दफ्तर का हुआ उद्घाटन

संवादाता। कांग्रेस दर्पण



आज दिनांक 25.4 .2023 को कैराना नगर पालिका अध्यक्ष पद के कांग्रेस उम्मीदवार सलीम अंसारी के दफ्तर का उद्घाटन शामली जिला अध्यक्ष दीपक सैनी नगर अध्यक्ष कैराना शमशीर खान पीसीसी मेंबर अखलाक चौधरी ने फीता काटकर संयुक्त रूप से उद्घाटन किया आपको बता दें पिछले दिनों सलीम अंसारी ने कांग्रेस की विचारधारा से प्रेरित होकर कांग्रेस का हाथ थामा था जिस पर पार्टी में उनको सम्मान देते हुए वही सलीम अंसारी ने आश्वासन दिया कि वह हमेशा कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करते रहेंगे इस अवसर पर शामली कांग्रेस जिला अध्यक्ष दीपक सैनी ने कहा नगर निकाय चुनाव वह कांग्रेस अपना वर्चस्व कायम करेगी और केराना जनता की समस्या से निजात दिलाने का काम करेगी केराना शहर का पानी बहुत दुसित हो चुका है पानी से हो रही बीमारी से ग्रस्त से छुटकारा दिलाएगे कांग्रेस उम्मीदवार सलीम अंसारी और वह भाजपा की नीतियों से बदहाल जनता को निजात दिलाने का काम करेगी शमशीर खान ने कहा कैराना क्षेत्र में सीमा विस्तार के उपरांत जितनी भी बस्तियां शहर में मिलीन हुई है उत्सव में साफ–सफाई शिक्षा स्वास्थ्य का कार्य बढ़–चढ़कर कराया जाएगा अतः कैराना की जनता से अपील की है कि वह कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी सलीम अंसारी जी को भारी मतों से विजयी बनाने का काम करें पीसीसी मेंबर अखलाक प्रधान ने कहा कांग्रेस का हर एक कार्यकर्ता तन मन धन से कांग्रेस के प्रत्याशी को जिताने का काम करेगा इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित रहे सीमा जाटव जिला उपाध्यक्ष शामली

अब्दुल हाफिज जिला उपाध्यक्ष राशिद चौधरी जिला महासचिव शहजाद मलिक जिला महासचिव निर्मल जैन ,नफीस अहमद जिला चेयरमैन अल्पसंख्यक विभाग शामलीसानू अख्तर नगर महासचिव महावीर सैनी राधेश्याम सैनी, जितेन्द्र जाटव, अशोक गोयल प्रमोद गोयल , सईद अहमद नगर उपाध्यक्ष कहना आसिफ एडवोकेट नगर उपाध्यक्ष कैराना इमरान एडवोकेट नगर महासचिव कैराना इन्तज़ार चोधरी ब्लाक अध्यक्ष सलमान राणा इंतजार आदि सहित भारी संख्या मे लोग मौजूद रहे



आज विधान परिषद सदस्य और पुर्व बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मदन मोहन झा का सहरसा जिला आने क्रम में सहरसा जिला कांग्रेस कमेटी ओबीसी की ओर से गरौल चौक और बलुआहा चौक पर जोरदार स्वागत किया गया

# प्रदेश किसान कांग्रेस की जिला प्रभारियों की सूची जारी

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी महामंत्री प्रशासन जागेंद्र पाण्डे ने भूपेश बघेल मुख्यमंत्री प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखपाल सिंह खेरा राष्ट्रीय प्रभारी महामंत्री अखिलेश शुक्ला प्रभारी महामंत्री प्रशासन रवि घोस प्रभारी महामंत्री संगठन अमरजीत चावला की अनुमति एवम किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रामविलास साहू के अनुशंसा से किसान कांग्रेस के संभाग एवम जिला प्रभारियों की सूची जारी की है। प्रभारियों की सूची जारी करते हुए प्रदेश अध्यक्ष रामविलास साहू ने कहा है कि प्रभारियों की नियुक्ति से संगठन में सक्रियता बढ़ेगी। तथा किसान कांग्रेस पहले से अधिक सक्रिय रूप से काम करेंगी। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जो किसान हित में कार्य किया जा रहा है। उसे जन जन तक पहुंचाने में किसान कांग्रेस के एक एक कार्यकर्ता जी जान से कार्य करेंगे। श्री साहू ने किसान कांग्रेस को बूथ स्तर तक ले जाने की बात कही है। किसान कांग्रेस के नवनियुक्त सभी संभाग एवम जिला प्रभारियों को बधाई प्रेषित की है।